पर्व | चुपका टोला में भक्ति, सेवा और सादगी का अनूठा संगम

नन्हीं बैगा बेटियों में दिखा देवी स्वरूप

नवभारत, उकवा । क्षेत्र के दुर्गम पहाड़ी अंचल में बसे बैगा बाहुल्य ग्राम चुपका टोला में इस बार चैत्र नवरात्रि की अष्टमी एक खास मायने लेकर आई। जहां आमतौर पर सन्नाटा और सादगी भरा जीवन दिखाई देता है, वहीं इस दिन भक्ति, सेवा और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। उकवा की सामाजिक संस्था सर्व धर्म सेवा समिति के सदस्यों ने कठिन रास्तों को पार करते हुए इस दूरस्थ गांव तक पहुंचकर नन्हीं-नन्हीं बैगा बेटियों का विधि-विधान से पूजन किया। गांव तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं था—ऊबड़-खाबड़ कच्चे रास्ते, नाले-नदी और नेटवर्क विहीन क्षेत्र—लेकिन सेवा भाव के आगे ये बाधाएं छोटी पड़ गईं। समिति के सदस्य वाहन को नाले के पास खड़ा कर पैदल ही सामान लेकर गांव पहुंचे। अष्टमी के पावन अवसर पर पहली बार गांव में इस तरह का आयोजन हुआ, जिससे ग्रामीणों में उत्साह और भावुकता का माहौल बन गया। नन्हीं बेटियों को साक्षात देवी का स्वरूप मानते हुए उनके चरण पखारे गए, तिलक वंदन कर श्रद्धा से पूजन किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने अपने हाथों से खीर-पूड़ी और पुलाव बनाकर बेटियों और ग्रामीणों को प्रेमपूर्वक प्रसाद स्वरूप वितरित किया।

इस अवसर पर उकवा के कपड़ा व्यवसायी संदीप साड़ी सेल के संचालक श्री खंडेलकर ने सभी बेटियों और ग्रामीणों को अंगवस्त्र भेंट किए। वहीं भवानी मोबाइल के संचालक दामेंद्र परिहार ने बच्चों को स्कूली किट वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवी बहनों ज्योति वरकड़े, दीपा मेश्राम एवं संदीप गजभिये ने भोजन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता संतोष सोनी, जेम्स बारीक, नितिन कुमार और विमल पंचभाए ने बेटियों का स्वागत-सत्कार कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस सफल आयोजन के संयोजक एवं समाजसेवी संदीप गजभिये ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल सेवा का माध्यम हैं, बल्कि समाज को जोड़ने और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का भी एक सशक्त जरिया हैं। चुपका टोला में आयोजित यह कार्यक्रम यह संदेश देता है कि सच्ची भक्ति केवल मंदिरों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के अंतिम छोर तक पहुंचकर सेवा करने में ही उसका वास्तविक स्वरूप निहित है।

कोसुम्बा ग्राम में जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ

जल गंगा अभियान को मिली गति

नवभारत कटंगी। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान सतत संचालित है, जिसके अंतर्गत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं बोरीबंधान जैसे कार्य जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ एवं जिला समन्वयक सुशील बर्मन जी के मार्गदर्शन में किए जा रहे हैं।

नवांकुर संस्था कोसुम्बा ग्राम विकास समिति ग्राम के चौक में जल मंदिर (प्याऊ) का उद्घाटन किया गया।

बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए 'जल सेवा, मानव सेवा' के पुनीत उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के युवराज मुर्खे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ हुई। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के युवा विधायक गौरवसिंह पारधी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद से नवांकुर संस्था अध्यक्ष युवराज मूर्खे,परामर्शदाता अवलेश पारधी,प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष खेमराज मूर्खे,वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रकाश सोनवाने, हरीश खोब्रागड़े, अंबेझरी प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष, जयपाल पुष्पतोड़े, चंद्रकांत गर्दे, अशोक जायनाकर, मयंक मूर्खे,एवन नागोसे,विवेक जायनाकर, संतराम राऊत इलेश सोनगड़े, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर आदरणीय भाईसाहब गौरव सिंह पारधी जी ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी के बीच ऐसे जल मंदिर आमजन के लिए राहत का माध्यम बनते हैं। साथ ही सभी से जल के संरक्षण एवं विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की गई, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित रखा जा सके।

केरिनाला में जल गंगा संवर्धन के तहत बोरीबंधान का कार्य सम्पन्न

नवभारत, उकवा। बम्हनी क्षेत्र के केरिनाला में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बोरीबंधान का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल स्तर को बढ़ाना तथा क्षेत्र में जल संकट को कम करना है। स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों के सहयोग से नाले पर रेत एवं मिट्टी से भरी बोरियों की सहायता से अस्थायी बांध तैयार किया गया। इस बोरीबंधान के माध्यम से बहते पानी को रोका गया, जिससे जल का संचयन संभव हो सका और पानी धीरे-धीरे जमीन में समाकर भूजल को पुनर्भरित करेगा। ग्रामीणों ने इस कार्य की सराहना करते हुए बताया कि इससे आसपास के कुओं और हैंडपंपों में जल स्तर बढ़ने की उम्मीद है, साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए भी लाभ मिलेगा। यह पहल कम लागत में प्रभावी जल संरक्षण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। वन विभाग द्वारा बताया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि क्षेत्र में जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके।

31 को सम्राट अशोक बुद्ध विहार का लोकार्पण व सम्यक सम्बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण

सुप्रसिद्ध कव्वाल फैजान ताज करेंगे कव्वाली

नवभारत कटंगी । तहसील मुख्यालय कटंगी से 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत सीताखोह में दिनांक 31 मार्च को सम्राट अशोक बुद्ध विहार समिति सीताखोह के तत्वाधान में देवनाम प्रिय सम्राट अशोक की जयंती ,एवं परम पूज्य डॉक्टर बाबासाहब अंबेडकर के द्वारा स्थापित समता सैनिक दल के 100 वे वर्षगाठ के अवसर पर सम्राट अशोक बुद्ध विहार का लोकार्पण एवं सम्यक समबुद्ध की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम अध्यक्षता एडवोकेट डॉक्टर संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि गौरव पारधी (विधायक विधानसभा क्षेत्र कटंगी खैरलांजी) मुख्य अतिथि एडवोकेट

सुरेंद्र बारमाटे (प्रदेश महासचिव ऑल इंडिया समता सैनिक दल), गुलाब दास मेश्राम ,कपिल मेश्राम ,महेंद्र हिरक़ने,दलित मेश्राम, प्रदीप ऊके प्रकाश ऊके, विकास खांडेकर, महेश बोरकर, सुलाभ मेश्राम,राजेंद्र मेश्राम, भोजराज वासनिक, डी डी गजभिए, सुरेंद्र कोल्हे, भीम प्रकाश बोरकर, रामचंद्र मेश्राम , संजय शेन्डे आशीष बोरकर, शीतल मेश्राम,दिनेश नागदेव, आलोक पाटिल, हंसराज रावत ,राजू ऊके,जगदीश रावत, प्रदीप मंडाले संजय कोल्हे , अरविंद दरवाड़े,रेखा बाई भूपेंद्र देशमुख, जमना प्रसाद कोल्हे,के आतिथ्य में संपन्न होगा दोपहर 4 बजे ऐतिहासिक धम्म भूमि अर्जुननाला कटंगी से पूज्य भदंत तन्हंकर , भदंत शिलपंथ,पूज्य भदंत शरणकर, भदंत धम्म घोष, भदंत प्रघानन्द के नेतृत्व में रैली। 5 बजे नवनिर्मित सम्राट अशोक बुद्ध विहार का लोकार्पण एवं सम्यक समबुद्ध की प्रतिमा का अनावरण,शाम 6 बजे पूजा वंदना एवं धम्म देशना, शाम 7 बजे कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष एडवोकेट डॉक्टर संजय खोबरागड़े , प्रमुख अतिथि गौरव सिंह पारधी विधायक, मुख्य अतिथि एडवोकेट सुरेंद्र बारमाटे के विशेष अतिथि के द्वारा मंची उद्बोधन उपरांत बुद्ध अंबेडकर मिशन पर कव्वाल कार फैंजान ताज के द्वारा कव्वाली का आयोजन किया जाना है।

कार्यक्रम के आयोजक गण प्रीति कमल कोल्हे अध्यक्ष ,वीरेंद्र कोल्हे उपाध्यक्ष ,प्रीति कोलहे सचिव, अशोक कोल्हे कोषाध्यक्ष, लक्ष्मण कोल्हे मुख्य सलाहकार ,मनोज कोल्हे मुख्य संरक्षक, प्रदीप रामटेक व्यवस्था प्रभारी, कार्यक्रम सदस्य - प्रकाश वासनिक, महेंद्र वासनिक, सूर्यपाल मेश्राम ,प्रकाश कोल्हे ,हंसराज कोल्हे, सुलभ मेश्राम, शेषराव कोल्हे,राजेंद्र को, जितेंद्र वासनिक, रविंद्र वासनिक ,भीमराव नागदेव, गिरधारी नागदेवे, दुर्जन नागदेव,श्यामराम नागदेव ,प्रभु दास मेश्राम, संदीप हिरकने रविकांत खोबरागड़े, दीवान जी मेश्राम, रंजीत रामटेक, राजा डोंगरे ,पंचम मेश्राम देवानंद मेश्राम ,तिलकचंद को, रविंद्र बोरकर, सम्राट अशोक बुद्ध विहार समिति सीताखोह - नवसारी मेश्राम ,श्यामा बाई कोल्हे,जयमाला कोल्हे, प्रीति कॉलेज ,पुष्पकोले, रीमा कोल्हे ,लता काले, ज्योति माला कोल्हे ,नीलम मेश्राम ,उर्मिला मेश्राम ,संगीता नागदेव ,शिक्षा नागदेवे, रेखा वासनिक, कविता वासनिक, प्रियंका वासनिक ,शशि कला वासनिक, अंजना बोरकर, शुभम कोल्हे ,अमित कोल्हे, निगम कोल्हे ,हंस कोल्हे ,अंकल कोल्हे ,आकांक्षा कोल्हे ,अंतर कोल्हे ,कमलेश नागदेवी, निलेश नागदेवे ,अनामिका कॉलेज, अंजलि कॉलेज ,कपिल नागदेवे, प्रवेश नागदेवे ,विलेज मेश्राम ,निर्दोष अमन मेश्राम, पियूष नाग देवी, कृष्णा बोरकर ,अंकित वासनिक, संघर्ष नागदेव ,आयुषी मेश्राम, हिमांशु मेश्राम, प्रज्ञा वासनिक, शर्मा मेश्राम, सिद्धार्थ मेश्राम ,अवनी वासनिक, प्रवीण नागदेव, अश्विनी बोरकर ,दीपा वासनिक ,लक्ष्मी वासनिक, कार्यक्रम का संचालन अरविंद दरवाड़े, प्रफुल सुरेंद्र रंगारी, गोविंदा गावथी,प्रमोद राऊत । दिलेंद्रे कोल्हे एवम अशोक कोल्हे ने समस्त प्रबुद्ध जनों से आव्हान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक तादाद में स्वेत वस्त्र धारण कर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और अपनी महिती भूमिका का निर्वहन करें ।

जल गुणवत्ता परीक्षण और स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी

नेवरगांव कला में जल गंगा संवर्धन अभियान

नवभारत, बालाघाट। जिले के विकासखंड किरनापुर अंतर्गत ग्राम नेवरगांव कला में 26 मार्च 2026 को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में फील्ड टेस्टिंग किट (स्नङ्ग्य) के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। यह कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट के ब्लॉक समन्वयक श्रुति गजभिये, खंड कार्यालय से शीतल मिश्रा एवं हरीश झा (पीएमयू) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। टीम द्वारा मौके पर ही जल के नमूनों की जांच कर क्लोरीन, आयरन एवं फ्लोराइड जैसे महत्वपूर्ण मानकों का

परीक्षण कर प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया। गांव के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्नङ्ग्य के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे भविष्य में स्वयं भी जल की गुणवत्ता की जांच कर सकें। अधिकारियों द्वारा यह जानकारी भी दी गई कि यदि किसी नमूने में पानी दूषित पाया जाता है, तो उसे विस्तृत परीक्षण के लिए जिला या ब्लॉक स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाता है, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके। इसके साथ ही ग्राम में जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई अभियान चलाया गया। सरपंच, ग्रामीणजन, माध्यमिक शाला के शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं समूह की महिलाओं ने मिलकर जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया और श्रमदान के माध्यम से सफाई कार्य किया। इस प्रकार नेवरगांव कला में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान न केवल जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ, बल्कि ग्रामीणों में स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी प्रभावी रहा।

जनगणना 2027 : फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण शुरू

नवभारत, बालाघाट। जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 28 मार्च 2026 से ई-दक्ष केंद्र में प्रारंभ हो गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य फील्ड ट्रेनर्स को मकान सूचीकरण एवं संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है, ताकि जनगणना कार्य को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रभावी ढंग से संपन्न किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार कौरव, जिला प्रभारी श्री रोहित पांडे, जिला मास्टर ट्रेनर श्री राकेश पटले एवं श्री विनोद आड़े ने उपस्थित रहकर फील्ड ट्रेनर्स को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना के विभिन्न पहलुओं, डेटा संकलन की प्रक्रिया एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके माध्यम से देश की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सटीक आकलन किया जाता है। इसलिए सभी फील्ड ट्रेनर्स को पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। यह प्रशिक्षण आगामी तीन दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी दोनों प्रकार की जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे वे क्षेत्र में जाकर अपने कार्य को कुशलतापूर्वक पूरा कर सकें।

सांदीपनि विद्यालय के छात्रों ने मारी बाजी

5वीं व 8वीं का 98 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम

नवभारत, बालाघाट। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा 26 मार्च 2026 को घोषित कक्षा 5वीं एवं 8वीं के परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालय बालाघाट ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरवपूर्ण सफलता हासिल की है। विगत वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। कक्षा 5वीं में कुल 151 विद्यार्थियों में से 148 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 3 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 98.01 प्रतिशत रहा। हिंदी माध्यम में कु. नोमिता (राजेश गौतम) ने 92.50% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कु. निशिता बोपचे (गौरीशंकर) ने 92.25% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी

माध्यम में कु. काव्या (यमलेश वंजारी) 92% अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं तथा लीवांशी पारधी (युगल किशोर) ने 91.75% अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 8वीं में दर्ज 191 विद्यार्थियों में से 188 ने परीक्षा दी, जबकि 3 अनुपस्थित रहे। कक्षा 8वीं का कुल परीक्षा परिणाम 98.43 प्रतिशत रहा। कु. किंजल (सुरेन्द्र बिठले) ने 94.33% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. सिब्बु (योगेश पटले) 93.50% अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि कु. भावी (किशोर हनवत) ने 93.33% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट परिणाम के पीछे शिक्षकों की सुनियोजित रणनीति रही। प्राथमिक प्रधान पाठक श्री एम.एल. बनोटे (हिंदी माध्यम), श्रीमती अमृता मसराम (अंग्रेजी माध्यम) एवं माध्यमिक प्रधानपाठक सुश्री जेफ़रीन बाघ ने बताया कि पाठ्यक्रम का योजनाबद्ध तरीके से पुनरावृत्ति कराई गई, पिछले पांच वर्षों के प्रश्नपत्र हल कराए गए तथा टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) के माध्यम से जटिल विषयों को सरल बनाया गया। साथ ही नियमित कक्षाओं के साथ इकाई परीक्षण एवं उपचारात्मक कक्षाओं का भी संचालन किया गया।

मोहबट्टा में जल प्याऊ का शुभारंभ

जल संरक्षण का दिया संदेश

नवभारत,बालाघाट। जिले के विकासखंड बैहर अंतर्गत ग्राम मोहबट्टा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से नवांकुर संस्था वीर नारायण जन जागरण समिति द्वारा प्राथमिक शाला परिसर के पास जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया।

जल शक्ति से नव भक्ति' पहल के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विधिवत पूजन-अर्चन कर जल प्याऊ का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में

जागरूक किया गया और 'जल है तो कल है' का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अवसर पर जनजागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को जल बचाने, जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने और वर्षा जल संचयन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया है। अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों का पूजन, साफ-सफाई, गहरीकरण, सामूहिक श्रमदान, रैली और संगोष्ठियों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक महेश कुमार पटले एवं श्री शिवनाथ यादव ने कहा कि आगामी समय में अभियान के विभिन्न चरणों के तहत और भी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता को और मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम में मेंटर श्री सुरेश यादव, आकांक्षा तेकाम, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष रंजना सैयाम सहित समिति के सदस्य, एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन नवांकुर संस्था प्रमुख श्री कुंदन मेरावी द्वारा किया गया। मोहबट्टा में जल प्याऊ की यह पहल न केवल राहगीरों को राहत प्रदान करेगी, बल्कि जल संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत ओटेकसा, जनपद पंचायत लांजी, जिला बालाघाट (मप्र)

क्रमांक /Q/ग्राम पं/ओटेकसा/2026-27 **निविदा सूचना** दिनांक :- 29/03/2026

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ओटेकसा जनपद पंचायत लॉजी में वर्ष 2026-27 में मनरेगा योजना, सासंद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वा वित्त राज्य वित्त मद, वित्त आयोग एवं अन्य मदो से कराये जाने वाले कार्यो के लिये सामग्री लोहा, सीमेंट, गिटटी, गिटटा, रेती, आदि कय किया जाना है । इस हेतु दिनाँक 01/04/2026 से 05/04/2026 तक मटेरियल सप्लायरो से निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जा सकती है । नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालयीन समय में ग्रांम पंचायत में सर्पक कर प्राप्त की जा सकती है निविदा स्वीकति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जावेगा ।

सरपंच दिनदयाल भोयर | उपसरपंच रामचन्द्र तरोने | सचिव भरतदास मच्छीरके | सहायक सचिव मनोज डोहरे

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत ओटेकसा

कार्यालय ग्राम पंचायत वारी, जनपद पंचायत लांजी, जिला बालाघाट (मप्र)

क्रमांक /Q/ग्राम पंचा /2026-27 **निविदा सूचना** दिनांक :- 29/03/2026

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वारी जनपद पंचायत लॉजी में वर्ष 2026-27 में मनरेगा योजना, सासंद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वा वित्त राज्य वित्त मद, वित्त आयोग एवं अन्य मदो से कराये जाने वाले कार्यो के लिये सामग्री लोहा, सीमेंट, गिटटी, गिटटा, रेती, आदि क्रय किया जाना है । इस हेतु दिनाँक 01/04/2026 से 05/04/2026 तक मटेरियल सप्लायरो से निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जा सकती है । नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालयीन समय में ग्रांम पंचायत में सर्पक कर प्राप्त की जा सकती है निविदा स्वीकति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जावेगा ।

सरपंच श्री ऋषि कुमार दशरिया | उपसरपंच मचुलाल आचरे | सचिव श्रीमती मालती मेश्राम | सहायक सचिव रमेश बिसेन

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत वारी